भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3306
दिनांक 13 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

उज्ज्वला योजना

3306. श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कितने बच्चों एवं महिलाओं को लाभ मिल रहा है; और
(ख) पश्चिम बंगाल के कूचबिहार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, जो सीमावर्ती क्षेत्र के निकट स्थित है, में मुक्त कराए गए एवं पुनर्वासित बच्चों एवं महिलाओं की संख्या कितनी है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) : वर्ष 2019-20 के दौरान उज्ज्वला स्कीम के तहत लाभान्वित बच्चों और महिलाओं की संख्या 5133 है।

(ख) : पश्चिम बंगाल के कूच बिहार निर्वाचन क्षेत्र में उज्ज्वला स्कीम का कोई बचाव और पुनर्वास घटक कार्यशील नहीं है। हालांकि, एनसीआरबी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 के दौरान पश्चिम बंगाल से बचाए और पुनर्वास किए गए महिलाओं और बच्चों की संख्या क्रमशः 94 और 154 है।

*****